सामग्री, स्कूल से घर और घर से स्कूल तक का रेल/बस का किराया शामिल है।

(घ) गुजरात में वर्ष 1986-87 में केवल दो जिलों में अर्थात् जूनागढ़ और खेरा में नवोदय विद्यालय स्थापित किए गए थे। इन जिलों के आंकड़े निम्नलिखित है :--

| जिला | परीक्षा में बैठने वालों की संख्या | चुने गए उम्मीदवारों की संख्या | | | |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| | | सामान्य | आ०ज० | अ०ज०जा० | कुल |
| जूनागढ़ | 3,213 | 63 | 14 | — | 77 |
| खेरा | 1,017 | 17 | 20 | 2 | 39 |

नवोदय विद्यालय समिति कमजोर और अल्पसंख्यकों से संबधित आंकड़े पृथक रूप से नहीं रखती है।

## केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य सेवा योजना औषधालयों में घटिया दवाइयां

1904. **श्री शिव कुमार मिश्र : क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** 29 अप्रैल, 1987 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1219 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने छापे मारकर केन्द्रीय स्वास्थ्य सेवा योजना के औषधालयों में घटिया किस्म की दवाएं होने का पता लगाने के लिए कुछ प्रयास किए है ;

(ख) यदि हां, तो इस प्रकार के कितने छापे मारे गये और इन छापों के दौरान पकड़ी गई दवाओं की मात्रा क्या है ; और

(ग) इस संबंध कितने डाक्टरों और स्टाफ के अन्य सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है ?

**मानव संसाधन विकास मंत्री तथा स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री पी० वी० नरसिंह राव) :** (क) जी हां।

(ख) केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने 1983 में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना आयुर्वेदिक भंडार पर छापा मारा और तीन दवायें पकड़ी जो केन्द्रीय जांच ब्यूरो की रिपोर्ट के अनुसार घटिया क्वालिटी की पाई गई थी। चिकित्सा अधिकारियों की सहायता से भारत के औषध नियंत्रक के कार्यालय ने भी 1986 में केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के एलोपैथिक औषधालयों से दवाओं के 71 नमूने लिए थे और परीक्षण करने पर 13 नमूने घटिया क्वालिटी के पाए गए थे।

(ग) एक आयुर्वेदिक चिकित्सक और एक अराजपत्रित कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है।

## Combination of Drugs Marketed in India

1905. SHRI BHUBANESWAR KALITA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that maximum number of combination of drugs are being marketed in India;

(b) what is the procedure for clearance of combination of drugs and vaccines in the country;